संख्या– 518 /2–113(4)/रा0यो0आ0/13–14 देहरादून दिनांक 07 मई, 2013

विज्ञप्ति

राज्य योजना आयोग (नियोजन विभाग) हेतु वित्तीय वर्ष 2013–14 के लिए उच्च गुणवत्तायुक्त लेखन सामग्री (स्टेशनरी), फोटो स्टेट मशीन कार्टेज, फैक्स मशीन कार्टेज, कम्प्यूटर प्रिन्टर कार्टेज व कम्प्यूटर के सहायक उपकरण आदि की आपूर्ति हेतु व्यापार कर विभाग में पंजीकृत स्थानीय फर्मों से निविदा निम्न प्रतिबंधों के अन्तर्गत आमंत्रित की जाती है:–

1– निविदा मुहर सील बंद लिफाफे में दिनाक 27.05.2013 के अपरान्ह् 2.30 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा इसी तिथि को निविदायें समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष सायं 3.00 बजे खोली जायेंगी। निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।

2– निविदा के साथ लेखन सामग्री के नमूने प्रस्तुत किये जाने आवश्यक होंगे तथा कम्प्यूटर प्रिन्टर कार्टेज एच0पी0 कम्पनी के ही मान्य होगें।

3– इच्छुक निविदादाताओं से लेखन सामग्री (स्टेशनरी) के लिए राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत रू0 5000/–(रू0 पांच हजार मात्र) एवं फोटो स्टेट मशीन कार्टेज, फैक्स मशीन कार्टेज, कम्प्यूटर प्रिन्टर कार्टेज एव सहायक उपकरणों आदि के लिए रू0 5000/–(रू0 पॉच हजार मात्र) की धनराशि का अलग–अलग सी0डी0आर0/एफ0डी0आर0 जमानत के रूप में जो आहरण वितरण अधिकारी (डी0डी0ओ0), राज्य योजना आयोग (नियोजन विभाग) के नाम से बंधक हो बनाकर प्रस्तुत करनी होगी।

4– निविदा के नियम एवं शर्ते तथा क्रय की जाने वाली लेखन सामग्री (स्टेशनरी) फोटो स्टेट मशीन कार्टेज, प्रिन्टर कार्टेज, फैक्स मशीन कार्टेज एवं कम्प्यूटर के सहायक उपकरणों आदि का विवरण किसी भी कार्यदिवस में राज्य योजना आयोग, 27/1 ओल्ड सर्वे, रोड (श्री आनन्द प्रकाश गुप्ता म0न0 39, के गली के अन्दर) देहरादून से लेखन सामग्री (स्टेशनरी) एवं कार्टेजो का निविदा पत्र रू0 200.00+27.00 (13.5 प्रतिशत बैट अतिरिक्त) =227.00 (रू0 दो सौ सत्ताईस मात्र) नकद भुगतान करने पर प्राप्त किया जा सकता है।

5– निविदा में अंकित दरों पर ही सम्पूर्ण वित्तीय वर्ष 2013–14 हेतु लेखन सामग्री (स्टेशनरी) तथा फोटो स्टेट मशीन कार्टेज, कम्प्यूटर प्रिन्टर कार्टेज, फैक्स मशीन कार्टेज एवं सहायक उपकरणों आदि की आपूर्ति करनी होगी।

6– निविदा समिति को गुणावगुण के आधार पर निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार होगा।

संयुक्त निदेशक,
राज्य योजना आयोग,
27/1, ओल्ड सर्वे रोड, देहरादून
दूरभाष– 0135,2740790